# अम्रत महोत्सव से पूर्व कार्यक्रम का नगर आयुक्त ने शहीद पार्क का किया निरीक्षण



**युवा हस्ताक्षर ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ के उपलक्ष्य में दिनांक 9 अगस्त शहीद पार्क में होने वाले होने वाले कार्यक्रम हेतु की जा रही तैयारियों का नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा षताब्दी महोत्सव के आयोजन की क्षृखंला में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ के उपलक्ष्य में 9 अगस्त शहीद पार्क में कार्यक्रम होना प्रस्तावित है। जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज शहीद पार्क में हो रही तैयारियों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने एवं समय से कार्यक्रम को शुरु कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देषित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, सी०एन०डी०एस० के अधिशासी अभियंता रघुवंश राम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।